राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com

मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने प्रधान सचिव से राजभवन एवं विश्वविद्यालयों की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली

पटना, 26 अगस्त 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने आज अपने कार्यालय कक्ष में प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह से विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में उन्होंने कतिपय संचिकाओं का भी निष्पादन किया।

महामहिम राज्यपाल को राज्यपाल के प्रधान सचिव ने राज्यपाल सचिवालय के क्रियाकलापों एवं गतिविधियों के बारे में सविस्तार अवगत कराया। प्रधान सचिव ने महामहिम राज्यपाल को बताया कि राजभवन की ऐतिहासिक महत्ता पर आधारित एक 'कॉफी–टेबुल–बुक' भी हाल ही में प्रकाशित की गयी है। उन्होंने बताया कि 'राजभवन संवाद' नामक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया जा रहा है, जिसमें राज्यपाल के संदेशों एवं संबोधनों के अतिरिक्त राज्यपाल सचिवालय से संबंधित बैठकों आदि से संबंधित रपटें भी प्रकाशित होती हैं। प्रधान सचिव ने बताया कि इस मासिक पत्रिका के तीन अंक अबतक प्रकाशित हो चुके हैं।

राज्यपाल ने प्रधान सचिव से कहा कि कुलपतियों से उनके विश्वविद्यालयों की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी लेते हुए उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछा जाना चाहिए। उन्होंने कुलपतियों से विमर्श के लिए बैठक बुलाने के भी निदेश दिए।

....